प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 11.01.2026 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 17 जनवरी को बाबा बैद्यनाथ धाम और काशी विश्वनाथ धाम को जोड़ने वाली सियालदह–बनारस अमृत भारत ट्रेन का करेंगे शुभारंभ।
2. केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने नागरिकों की सुविधा के लिए भारतीय डाक की दो नयी सेवाओं–स्पीड पोस्ट–24 और 'स्पीड पोस्ट–48 की घोषणा की।
3. दिशोम गुरू शिबू सोरेन की बिरासवीं जयंती पर आज रांची के खेलगांव में गुरू जी क्रेडिट कार्ड योजना संवाद कार्यक्रम का होगा आयोजन, मुख्यमंत्री विद्यार्थियों से करेंगे संवाद।
4. राज्य सरकार ने झारखंड में आपराधिक न्याय वितरण प्रणाली को आधुनिक और कुशल बनाने की पहल शुरू की, खरीदे जायेंगे आधुनिक उपकरण।
5. मकाऊ में चौदह और पंद्रह जनवरी को आयोजित होने वाली पहली इंटरनेशनल योगासन चैंपियनशिप में झारखंड के दस खिलाड़ी भारत का करेंगे प्रतिनिधित्व।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कोलकाता से 17 जनवरी को बाबा बैद्यनाथ धाम और काशी विश्वनाथ धाम को जोड़ने वाली सियालदह–बनारस अमृत भारत ट्रेन का शुभारंभ करेंगे। इसका किराया किफायती और आमजन की सहूलियत को देखते हुए तय किया गया है। देवघर से बनारस को जोड़ने वाली यह दूसरी ट्रेन हो गयी।

****

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने देश के लोगों को सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से भारतीय डाक की दो नयी सेवाओं– 'स्पीड पोस्ट 24' और 'स्पीड पोस्ट 48' की घोषणा की है। ये सेवाएं क्रमशः 24 और 48 घंटे में डाक और दस्तावेजों को सुरक्षित पहुंचाना सुनिश्चित करेंगी। यह डाक सेवाओं के आधुनिकीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। श्री सिंधिया ने कहा कि ये सेवाएं समयबद्ध, विश्वसनीय और त्वरित डिलीवरी का नया मानक स्थापित करेंगी।

****

दिशोम गुरू शिबू सोरेन की बिरासवीं जयंती पर आज रांची के खेलगांव स्थित टाना भगत इनडोर स्टेडियम में अब से थोड़ी देर बाद गुरू जी क्रेडिट कार्ड योजना संवाद कार्यक्रम शुरू होगा होगा। इस दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 10वीं और बारहवीं के विद्यार्थियों से संवाद करेंगे। मौके पर छात्र–छात्राओं को गुरू जी क्रेडिट कार्ड योजना के अंतर्गत लाभ दिया जायेगा।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर राज्य सरकार ने झारखंड में आपराधिक न्याय वितरण प्रणाली को आधुनिक और कुशल बनाने की पहल शुरू कर दी है। इसके लिए चार करोड़ तिरसठ लाख रुपये की लागत से आधुनिक उपकरण खरीदे जायेंगे। इंटर–ऑपरेबल क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम के दूसरे फेज के क्रियान्वयन के लिए चालू वित्त वर्ष 2025–26 के लिए अतिरिक्त चार करोड़ तिरसठ लाख रूपये मंजूर किये गये हैं। स्वीकृत राशि का उपयोग परियोजना के लिए आवश्यक हार्डवेयर उपकरणों की खरीद पर किया जाएगा।

****

साहिबगंज जिले के उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा ने आकांक्षी प्रखंड मंडरो के सुदूरवर्ती आदिम जनजाति पहाड़िया बहुल क्षेत्र के कई गांवों का दौरा किया। उन्होंने सरकार की योजनाओं की जमीनी स्थिति का जायजा लिया। श्री चंद्रा ने गांवों में पेयजल, सड़क, आंगनबाड़ी केंद्र, स्वास्थ्य सुविधा, शौचालय, प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) और जीरामजी की संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त एवं पंचायती राज पदाधिकारी ने पहाड़िया गांवों के जरूरतमंद आदिम जनजाति परिवारों के बीच कंबल का वितरण भी किया।

****

प्रधानमंत्री के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के लिए इस वर्ष अब तक चार करोड़ से अधिक पंजीकरण हो चुके हैं। यह आंकड़ा पिछले वर्ष तीन करोड़ 56 लाख के गिनिज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स को पार कर चुका है।

****

भारतीय जनता पार्टी ने संजीव सिन्हा को जमशेदपुर का जिला अध्यक्ष बनाया है। उनके पदभार ग्रहण समारोह में बोकारो के पूर्व विधायक बीरंची नारायण और जिला प्रभारी मनोज सिंह शामिल हुए। संजीव सिन्हा ने लगभग तीन दशकों तक पार्टी के विभिन्न पदों पर अपनी भूमिका निभायी है। नव नियुक्त जिलाध्यक्ष संजीव सिन्हा ने कहा कि भाजपा में पद नहीं होता है जिम्मेवारी होती है, और सबको साथ लेकर वे इसे जिम्मेवारी को निभाएंगे।

उधर भाजपा ने देवघर जिलाध्यक्ष पद के लिए सचिन रवानी का चयन किया है। पार्टी ने दूसरी बार सचिन रवानी पर भरोसा जताया है। वहीं पार्टी ने वरिष्ठ और समर्पित कार्यकर्ता आनंद कुमार को खूंटी जिला का अध्यक्ष नियुक्त किया है।

****

जमशेदपुर में झारखंड सांस्कृतिक कला रंगमंच की ओर से 46वां टुसू मेला का आयोजन 14 जनवरी से 16 जनवरी तक भुइयांडीह दुर्गा पूजा मैदान में होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास होंगे। इस मौके पर सांसद विद्युत वरन महतो और जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू होंगी। तीन दिवसीय टुसू मेला में समाज के विभिन्न वर्गों के वरिष्ठ लोगों को सम्मानित किया जाएगा।

****

रांची सर्राफा एसोसिएशन के अनुसार राजधानी रांची में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख सत्ताईस हजार रूपये प्रति दस ग्राम है। जबकि चांदी की कीमत दो लाख पचपन हजार रूपये प्रति किलो है।

****

मकाऊ में 14 और 15 जनवरी 2026 को आयोजित होने वाली पहली इंटरनेशनल योगासन चैंपियनशिप में झारखंड के 10 खिलाड़ी भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में कुल 18 देशों के प्रतिभागी हिस्सा लेंगे, जबकि भारत से लगभग 40 खिलाड़ी प्रतियोगिता में उतरेंगे। झारखंड से भाग लेने वाले खिलाड़ियों में पवन कुमार पांडेय, विनोद कुमार रंजन, पवन झा, अनीता कुमारी, सविता कुमारी, तन्वी गौरव, प्रियांशु झा, पायल कुमारी और प्रियांशु कुमारी शामिल हैं।

****